-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.10.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना बबेरू पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल फरसा बरामद।**
- **दिनांक 18.09.2026 को अभियुक्त द्वारा पूर्व परिचित पड़ोसी को शराव के नशे में मामूली विवाद के चलते किया था फरसे से घायल जिसकी इलाज के दौरान हो गई थी मृत्यु।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बबेरू श्री कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में आज दिनांक 27.10.2026 को थाना बबेरू पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 18.09.2026 थाना बबेरू पुलिस को ग्राम पवइया के रहने वाले मुन्नीलाल द्वारा सूचना दी गई कि गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा उसके छोटे भाई चुन्नीलाल को मामूली बात को लेकर फरसा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस संबंध में सूचना प्राप्त होते ही थाना बबेरु पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इलाज के दौरान दिनांक 30.09.2026 को घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। विवेचना के क्रम में सुसंगत धाराओं की वृद्धि करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 27.10.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को बबेरू-बांदा रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के पास नहर पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल फरसा भी बरामद किया गया है।

बरामदगी-

- 01 आलाकत्ल फरसा (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. जयकरन उर्फ लीडर पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम पवइया थाना बबेरू जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 319/2026 धारा 105/110/115(2)/352/351(3) बीएनएस थाना बबेरू जनपद बांदा।

अपराधिक इतहास जयकरन -

1. मु0अ0सं0 203/16 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बबेरू जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 20/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बबेरू जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0 40/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बबेरू जनपद बांदा

गिरफ्तार करने वाली की टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक बबेरू श्री संजय द्विवेदी
2. उ0नि0 श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा
3. कां0 स्पेन्द्र पाल
4. कां0 सुशील कुमार
5. कां0 अमित कुमार मौर्य